दिनांक 08.11.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

हुडकों में 37 लाख की लागत से सड़कों का होगा डामरीकरण एवं चौड़ीकरण, महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत हुडको सेक्टर एवं एचआईजी कॉलोनी के सड़कों का डामरीकरण किया जाएगा इसके लिए आज सुबह महापौर एवं विधायक भिलाईनगर श्री देवेन्द्र यादव ने भूमिपूजन किया। कार्यक्रम स्थानीय पार्षद दिनेश यादव, एल्डरमेन और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में विधिवत आयोजित हुआ। हुडको क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर डामरीकरण एवं सड़क चौड़ीकरण लगभग 16 सौ मीटर के दायरे में किया जाएगा! सड़क का डामरीकरण की मांग वार्ड के नागरिकों द्वारा महापौर से की गई थी, जिसका भूमिपूजन पूरा होने के बाद वार्ड के नागरिकों ने क्षेत्र में विकास कार्य से खुशी जाहिर करते हुए महापौर व निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। भूमिपूजन होने के बाद महापौर ने अधिकारियों को शीघ्र ही सड़क डामरीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य को प्रारंभ कराने के निर्देश दिए तथा उपस्थित नागरिकों से वार्ड के विकास संबंधी चर्चा किए! जोन 01 भिलाई निगम क्षेत्र के हुडकों सेक्टर एचआईजी क्षेत्र के दो अलग-अलग सड़कों का डामरीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य किया जाएगा। 37 लाख की लागत से 1200 सौ मीटर और 400 सौ मीटर सड़कों के डामरीकरण कार्य के लिए आज महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने कार्य की शुरुआत की! सड़क के डामरीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य क्वालिटी कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। हुडकों सेक्टर के एचआईजी क्षेत्र एवं चौरसिया समाज भवन के पास में सड़कों के नवीनीकरण होने क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सहूलियत होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम पश्चात महापौर श्री यादव ने हुडकों क्षेत्र के नागरिकों से विकास संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा किए और अन्य विकास कार्यों पर योजनाबद्ध तरीकों से काम करने की बात कही। भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद सुरेखा खट्टी , एल्डरमेन नरसिंह नाथ एवं लोकेश साहू, पूर्व पार्षद लालचंद वर्मा, सीजू एंथोनी मौजूद रहे! निगम के जोन क्रमांक 01 के जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि, कार्यपालक अभियंता संजय शर्मा , सहायक अभियंता सुनील दुबे , उप अभियंता आलोक पसीने एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी